प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद्,
उत्तर-प्रदेश, लखनऊ|

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद् से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र
की संस्थाएं|

संख्या:प्राशिप/अनु०3/2021/1417 **लखनऊ: दिनांक: 14/08/2021**

विषय:- सम-सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा-2021 में सेमेस्टर सिस्टम (अंतिम सेमेस्टर) एवं इंडस्ट्रियल सेफ्टी के छात्र/छात्राओं हेतु पंजीकरण एवं माक टेस्ट के सम्बन्ध में|

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक परिषद् के पत्रांक: प्राशिप/अनु०3/2021/1375 लखनऊ: दिनांक:11.08.2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें| जिसके द्वारा आगामी सम-सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा-2021 को ऑनलाइन माध्यम से कराये जाने हेतु दिशा-निर्देश के साथ-साथ छात्र/छात्राओं के पंजीकरण एवं माक टेस्ट हेतु समय-सारिणी निर्गत की गयी थी|

उक्त के क्रम में अवगत कराना हैं कि सेमेस्टर सिस्टम (केवल अंतिम सेमेस्टर) एवं इंडस्ट्रियल सेफ्टी के परीक्षा आवेदन फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूर्ण किये हुए छात्र/छात्राओं का पंजीकरण एवं माक टेस्ट एवं ऑनलाइन परीक्षा हेतु **upbteexam.in** लिंक का प्रयोग किया जायेगा| छात्र/छात्राओं के सहूलियत के लिए username (**यूजर नेम उनका एनरोलमेंट नम्बर निर्धारित किया गया हैं) , password** उनके यूराइज पोर्टल पर पंजीकृत ईमेल आईडी एवं मोबाइल नम्बर पर प्रेषित किया गया **हैं साथ ही यूराइज पोर्टल पर STUDENT LOGIN के अन्दर EXAM TIME TABLE टैव पर क्लिक करने पर सम्बंधित छात्र/छात्रा का User Name, Password, Online exam ka link(जिसके माध्यम से छात्र/छात्रा को पंजीकरण, माक टेस्ट एवं परीक्षा में सम्मिलित होना हैं), Exam Schedule की सूचना उपलब्ध करा दी गयी हैं|** सभी छात्र/छात्राओं हेतु पंजीकरण एवं माक टेस्ट का लिंक दिनांक: 17.08.2021 की रात 12:00 बजे तक (24x7) सतत रूप से चलता रहेगा किन्तु किसी छात्र/छात्रा को पंजीकरण या माक टेस्ट के दौरान तकनिकी समस्या के निराकरण हेतु हेल्पलाइन नम्बर पर सुबह 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक चालू रहेगा साथ ही किसी प्रकार की तकनिकी समस्या हेतु upbteexam@gmail.com ईमेल भी किया जा सकता हैं|

अतः आपसे अनुरोध हैं कि तदनुसार अवगत होते हुए अपने संस्थान में अध्यनरत समस्त छात्र/छात्राओं को अनिवार्य रूप से सूचित कराने का कष्ट करें साथ ही यह सुनिश्चित हो ले कि आपकी संस्था में अध्यनरत सेमेस्टर सिस्टम (केवल अंतिम सेमेस्टर) एवं इंडस्ट्रियल सेफ्टी के समस्त छात्र/छात्राओं ने पंजीकरण एवं माक टेस्ट दिनांक: 17.08.2021 के सायं 6:00 बजे तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कर ली हैं इस हेतु अपनी संस्था में कार्यरत विषय अध्यापक/कक्षा अध्यापक को निर्देशित करते हुए स्वयं भी इसकी मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा की स्थिति में इसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बंधित छात्र/छात्रा एवं संस्था प्रधानाचार्य का होगा|

भवदीय

(सुनील कुमार सोनकर)
सचिव

Scanned with CamScanner

पृ०सं०:-प्राशिप/अनु०3/2021/1418-23 तद्दिनांक: 14/08/2021

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद्, उत्तर-प्रदेश, लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ।
2. निजी सचिव, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर-प्रदेश शासन, लखनऊ को विशेष सचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ०प्र०, कानपुर को सूचनार्थ।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुंदेलखंड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस आशय से कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्थाओं प्रधानाचार्य को उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करने एवं स्वयं के स्तर से भी मॉनिटरिंग करवाने का कष्ट करें।
5. नोडल अधिकारी, यू-राइज, प्राविधिक शिक्षा को इस आशय के साथ कि उपरोक्त ऑनलाइन परीक्षा के दिशा-निर्देश पोर्टल, SU LOGIN एवं STUDENT LOGIN में प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
6. प्रभारी, कंप्यूटर अनुभाग, को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त ऑनलाइन परीक्षा हेतु दिशा-निर्देश परिषद् की वेबसाइट bteup.ac.in पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

(सुनील कुमार सोनकर)
सचिव

Scanned with CamScanner